शुक्रवार
18 अगस्त 2023




पृष्ठ 4

**गले की समस्या से राहत पाने के लिए अपनाएं घरेलू नुस्खे**



पृष्ठ 5

**उर्फी जावेद को एकता कपूर कराएंगी बॉलीवुड के दर्शन!**




● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 191
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com


**आज का विचार**

श्रेष्ठ वही है जिसके हृदय में दया व धर्म बसते हैं, जो अमृतवाणी बोलते हैं और जिनके नेत्र विनय से झुके होते हैं।

– संत मलूकदास

## जनता त्रस्त, सरकार मस्तः हरीश

विशेष संवाददाता

देहरादून। पहाड़ से लेकर मैदान तक लोग मानसूनी आपदा की मार झेल रहे हैं लेकिन सरकार आपदा प्रबंधन के कामों को ठीक से नहीं कर पा रही है। राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति भी ठीक नहीं है राज्य में महिला अपराध और दलितों के साथ अत्याचार की घटनाएं बढ़ रही है। सरकार आम आदमी को सुरक्षा नहीं दे पा रही है कुशासन और कुप्रबंधन से युवा हो चाहे व्यापारी सब परेशान हैं। लेकिन सरकार को किसी की कोई चिंता नहीं है। यह बात आज पूर्व सीएम हरीश रावत ने कही।



❑पहाड़ से मैदान तक तबाही, लोग परेशान
❑महिलाओं और दलितों पर बढ़े अत्याचार
❑इन्वेस्टर्स समिट को बताया सरकारी धन का दुरुपयोग

पूर्व सीएम हरीश रावत का कहना है कि भारी बारिश के कारण पहाड़ से लेकर मैदान तक भारी तबाही हुई है। लोगों के घर बार और खेती किसानी सब कुछ चौपट हो गया है। कहीं बादल फटने से तो कहीं भूस्खलन से पहाड़ के लोग परेशान हैं वह एक जगह से दूसरी जगह आ जा नहीं सकते हैं। आपदा प्रभावित लोगों तक सरकार की कोई मदद नहीं पहुंच पा रही है लोग इधर-उधर शरण लेने पर मजबूर है। उन्होंने कहा कि ठीक है कि हमारा आप आपदाओं पर कोई नियंत्रण नहीं है और उन्हें हम रोक नहीं सकते हैं लेकिन अगर मानसून से पूर्व और बाद में हमने आपदा प्रबंधन के लिए उचित प्रयास किए होते तो शायद आपदा के प्रभाव को हम थोड़ा बहुत कम जरूर कर सकते थे। राज्य के मैदानी क्षेत्र के किसानों का भारी से भारी नुकसान हुआ है किसानों की जमीनें और फसलें सब जलमग्न हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि वह चाहे किसान हो या व्यापारी सभी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और भाजपा नेताओं को 2024 के चुनाव की चिंता तो है पर राज्य के आपदा प्रभावित लोगों के जानमाल की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में अप्रत्याशित रूप से महिला और दलित उत्पीड़न जैसे अपराध बढ़ रहे हैं सरकार कानून व्यवस्था और सुशासन के मुद्दे पर पूरी तरह फेल हो चुकी है। भ्रष्टाचार और महंगाई अपने चरम पर है लेकिन सरकार किसी भी बात को लेकर चिंतित नहीं है। सितंबर माह में उत्तराखंड में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बारे में पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इससे पहले भी त्रिवेंद्र सरकार द्वारा इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन किया गया था जिसमें हजारों करोड़ के निवेश प्रस्ताव मिले थे उनका कहना है कि कहां गया वह निवेश यह सब सरकार का एक प्रोपेगेंडा है। समिट होगी लोग जुटेंगे खाएंगे-पियेंगे और मौज मस्ती कर चले जाएंगे। अगर सरकार राज्य के औद्योगिक विकास को लेकर काम ही करना चाहती थी तो वह पूर्व समय में मिले निवेश प्रस्ताव को ही धरातल पर उतरने का प्रयास करती। उन्होंने इसे सरकारी धन का दुरुपयोग बताया।

## चोरी का खुलासा, लाखों के जेवरात के साथ 1 गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने चोरी का खुलासा करते हुए एक युवक को लाखों रूपये के जेवरात, 4 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त बाइक सहित गिरफ्तार कर उसको न्यायालय मे पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।



आज यहां इसकी जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल ने बताया कि दो दिन पूर्व टीएचडीसी कालोनी पौध I निवासी श्रीमती विक्टोरिया पत्नी हरीश माहरा ने प्रेमनगर थाने में अपने घर में चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरें खंगाले। जिसके बाद पुलिस को कई महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगे। जिसके चलते आज प्रेमनगर थाना पुलिस ने टॉस ब्रिज कोटरा संतूर के पास से एक युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से चोरी के जेवरात बरामद कर लिये। पूछताछ में उसने चोरी की घटना को अंजाम देने की बात कबूली। पूछताछ में उसने अपना नाम मोनू उर्फ राहुल पुत्र बलवीर प्रसाद निवासी ग्राम चोरा पोस्ट मटियाना थाना पाटीसैण पौडी गढवाल हाल निवासी राजपुर मैगी प्वांइट बताया। पुलिस ने उसके कब्जे से लाखों के जेवरात, घटना में प्रयुक्त बाइक व 280 रूपये नगद बरामद कर लिये।

पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी नशे का आदी है जो पहले भी डालनवाला कोतवाली व थाना रायपुर से चोरी के आरोपों में जेल की हवा खा चुका है।

## प्रेमी ने लिव-इन पार्टनर को मारी गोली

लखनऊ । उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में एक प्रेमी ने गोली मारकर अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी है। जानकारी के अनुसार यह घटना सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में स्थित पैराडाइज अपार्टमेंट के सी ब्लॉक की बताई जा रही है। जहां लिव इन रिलेशन में रह रहे एक प्रेमी ने अपनी प्रेमिका की हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार कैंट एरिया की रहने वाली रिया गुप्ता बीते कुछ समय से कृष्णानगर में रहने वाले ऋषभ के साथ लिवइन रिलेशन में रह रही थी। जहां घटना से पहले दोनों के बीच किसी बात को लेकर बहस हो गई और बात इतनी बढ़ गई की गुस्से में आकर ऋषभ ने अपनी प्रेमिका को गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि शख्स ने प्रेमिका की हत्या करने के बाद पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। डीसीपी साउथ विनीत कुमार जायसवाल ने बताया कि गुरुवार की देर शाम सुशांत गोल्फ सिटी थाने में पैराडाइज अपार्टमेंट के सी ब्लॉक में एक महिला की हत्या की जानकारी मिली थी। जिसमें मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया और मृतका के परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा, गोलीबारी में 3 लोगों की मौत

इंफाल। मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पिछले कुछ दिनों की शांति के बाद एक बार फिर राज्य में हिंसा भड़ग उठी है। खबरों के मुताबिक सुबह करीब 5.30 बजे मणिपुर के उखरुल जिले के लिटन पुलिस स्टेशन के अंतर्गत थवई कुकी गांव में संदिग्ध मैतेई सशस्त्र बदमाशों और कुकी स्वयंसेवकों के बीच गोलीबारी हुई। जिसमें तीन कुकी लोगों के मारे जाने की खबर है। इस घटना के बाद क्षेत्र में स्थिति तनावपूर्ण है।



सुरक्षाबलों ने पूरे इलाके को घेरकर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है। खबरों की मानें तो मैतेई उपद्रवियों ने सबसे पहले गांव के ड्यूटी पोस्ट पर हमला किया, जहां स्वयंसेवक गांव की सुरक्षा के लिए ड्यूटी कर रहे थे। इस गोलीबारी में कुकी स्वयंसेवकों के तीन लोगों के मारे जाने की खबर है। मारे गए लोगों की पहचान जामखोगिन हाओकिप (26), थांगखोकाई हाओकिप (35) और होलेनसोन बाइते (24) के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि घटनास्थल से 37 बीएन बीएसएफ (महादेव) करीब पांच से छह किलोमीटर दूर है। उधर, सीपीआई (एम) (कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्कसिस्ट)) के नेताओं का एक दल मणिपुर पहुंच चुका है। सीताराम येचुरी की अध्यक्षता में चार नेताओं का ये दल 20 अगस्त तक राज्य के दौरे पर रहेगा। सीताराम येचुरी ने कहा कि हम मणिपुर के लोगों के साथ एकजुटता व्यक्त करने जा रहे हैं कि भारत उनके साथ है...मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त किया जाना चाहिए। हम शांति बहाल करने के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेंगे। राज्य में स्थिति खतरनाक है और देश की एकता के लिए इसे नियंत्रित करना जरूरी है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

## मुसीबत में फंसी हजारों जिंदगियां

उत्तराखंड के लोग मानसूनी आपदा के कारण किस तरह की मुसीबतें उठाने पर विवश हैं इसे बीते कल सोशल मीडिया पर आई उन दो तस्वीरों से समझा जा सकता है जिनमें से एक तस्वीर चमोली के देवाल और दूसरी उत्तरकाशी के केसु घाटी से सामने आई। देवाल क्षेत्र में बाण गांव की एक गर्भवती महिला की तबीयत बिगड़ने पर बुराकोट नदी (गदेरे) पर बांस बल्लियां रखकर अस्थाई पुल बनाया और महिला को कुर्सी पर बैठाकर उफनते गदेरे को पार कर अस्पताल पहुंचाया गया। देवाल क्षेत्र में भारी बारिश के कारण लोहजगबाण सड़क बुराकोट में टूट गई है और पुल भी टूट गया है। मजबूरी में भले ही ग्रामीणों ने इस साहसिक काम को करके पीड़िता को अस्पताल तक पहुंचा दिया हो लेकिन यह काम कितना जोखिम भरा था इस तस्वीर को देखकर सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। जरा सी चूक कई जिंदगियों पर भारी पड़ सकती थी। मुख्यमंत्री ने अभी 15 अगस्त को पहाड़ की महिलाओं को ऐसी अवस्था में एअरलिफ्ट करने की योजना शुरू करने की बात कही गई है। सवाल यह है कि शासन-प्रशासन एयर एंबुलेंस तो उपलब्ध करा सकता है लेकिन जिन क्षेत्रों में सड़क या पैदल मार्ग से भी पहुंचना मुश्किल हो वहां क्या सरकार हेलीपैड भी बनवा देगी? सही मायने में उत्तराखंड की सरकारों द्वारा अब तक ऐसी ही हवाई प्लानिंग की जाती रही है। दिल्ली हिंडन एयरपोर्ट से पिथौरागढ़ के लिए शुरू की गई हवाई सेवा सालों बाद भी सुचारू रूप से संचालित नहीं हो सकी है। ऐसे में सीएम धामी महिलाओं को यह सेवा कैसे उपलब्ध कराएंगे यह वही सोच सकते हैं या जान सकते हैं। दूसरी तस्वीर उत्तरकाशी के केसु घाटी से सामने आई थी जिसमें कुछ स्कूली छात्र-छात्राएं एक उफनते हुए खतरनाक गधेरे को तार और रस्सी से बनाए गए अस्थाई पुल को जान जोखिम में डालकर पार करते दिख रहे हैं। उत्तराखंड के छात्र-छात्राओं को शिक्षा के लिए इस तरह जान जोखिम में डालकर स्कूल जाने की ऐसी तस्वीरें आए दिन राज्य के किसी न किसी हिस्से से आती ही रहती हैं लेकिन एक तरफ सरकार पढ़ेगी बेटियां तभी तो आगे बढ़ेगी बेटियां जैसी मनभावन बातें करती है वहीं दूसरी तरफ उत्तरकाशी से आने वाली यह तस्वीर है जो यह बताती है कि क्या ऐसे पढ़ेंगी बेटियां और आगे बढ़ेगी बेटियां? राज्य के शिक्षा मंत्री को और मुख्यमंत्री को इन तस्वीरों पर गौर जरूर करना चाहिए। सूबे में इस मानसूनी आपदा के कारण हजारों लोग बेघर हो गए हैं और उनका घर बार तथा कारोबार ही नहीं जमीन भी आपदा की भेंट चढ़ गई है। बीते दिन विकासनगर जाखंन में बारिश और भूस्खलन से भारी तबाही देखने को मिली लोगों के घर जमींदोज हो गए और गांव टापू में तब्दील हो गए लोग अपनी बर्बादी का मंजर देख हैरान-परेशान हैं लेकिन उनके हिस्से में अब सिर्फ विवशता ही है कहां जाएं और क्या करें क्या खाएं और कैसे जिंदा रहे? ऐसे ही अनेक सवाल लोगों के सामने मुंह बाए खड़े हैं। ऐसा ही हाल काशीपुर में ढेला नदी के किनारे बसे लोगों का भी है तथा धनोल्टी के चिपलटी क्षेत्र का है जहां दर्जन भर से अधिक गांवों का संपर्क शहर से टूट चुका है और अतिवृष्टि के बेग में लोगों के घर मकान तथा जमीने सब कुछ नष्ट हो चुका है। देखना यह है कि सरकार इन आपदा प्रभावितों के जख्मों को भरने का क्या कुछ प्रयास करती है?

## लक्ष्मी देवी के निधन पर विभिन्न संगठनों ने दुख व्यक्त किया

संवाददाता

देहरादून। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शंकर सिंह पंवार की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी के निधन पर विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने उनके घर पहुंच दुख व्यक्त कर श्रद्धाजलि दी।

आज यहां दून के धर्मपुर निवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शंकर सिंह पवार की धर्मपत्नी लक्ष्मी देवी के निधन पर प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार राजेंद्र सिंह रावत ने पार्थिव शरीर पर राजकीय सम्मान स्वरूप पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। पुष्पांजलि अर्पित करने वालों में आप के जोत सिंह बिष्ट, संयुक्त नागरिक संगठन के सुशील त्यागी, सुशील सैनी, स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी कल्याण समिति के मुकेश शर्मा आदि थे। निधन पर संवेदनाये व्यक्त करने वालो में क्षत्रिय चेतना मंच के रवि सिंह नेगी, समानता मंच के विनोद नौटियाल,समाज सेवी जसवीर सिंह रिनोत्रा,आर टी आई क्लब के अमर सिंह धुनता, पर्यावरणविद् सुरेश, ताराचंद गुप्ता, दिनेश भंडारी, दिलीप शर्मा, मंजू त्रिपाठी, जसविंदर कौर जस्सल, रमा गोयल, गुलिस्ता खानम, अंबिका नन्द शर्मा आदि शामिल थे।

**तीव्राः सोमास आ गहि सुतासो मादयिष्णवः।**
**पिबा दधृग्यथोचिषे॥**

(ऋग्वेद ८-८२-२)

परमेश्वर ने विभिन्न प्रकार के आनंद देने वाले पदार्थ मनुष्य के लिए बनाए हैं। मनुष्य को चाहिए कि उनका उपयोग आवश्यकता से अधिक ना करें।

# जाति, धर्म एवं क्षेत्रीयता के आधार पर भेदभाव दंडनीय अपराधः पोखरियाल

कार्यालय संवाददाता

नरेन्द्रनगर। जाति, धर्म एवं क्षेत्रीयता के आधार पर भेदभाव दंडनीय अपराध है, इसको बढ़ावा देना राष्ट्रीय विभाजन का सूत्रपात करना जैसा है। यह विचार एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में एंटी रैगिंग सेल के संयोजक डॉ भगवती प्रसाद पोखरियाल ने व्यक्त किए।



विदित हो कि धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय की एंटी रैगिंग सेल द्वारा 12 से 18 अगस्त तक मनाये जा रहे एंटी रैगिंग सप्ताह के अंतर्गत आज एंटी रैगिंग की जागरूकता के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कालेज प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार उभान ने कहा कि छात्रों को रंग, रूप एवं जाति के आधार पर किसी से भी भेदभाव नहीं करना चाहिए उन्होंने भारत में निवास करने वाले सभी नागरिकों को भारत माता की संतान बताया।

एंटी रैगिंग सेल के संयोजक डॉ पोखरियाल ने रैगिंग की दंडात्मक प्रावधानों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भेदभाव करने से 3 साल की सश्रम सजा का प्रावधान है इसके अलावा संबंधित महाविद्यालय पर भी अनुशासनात्मक और आर्थिक दंड के रूप में कार्रवाई हो सकती है इसलिए हमें इस विषय को संवेदनशीलता एवं गंभीरता पूर्वक लेना चाहिए।

कार्यक्रम में एंटी ड्रग सेल के सदस्य डॉ उमेश चंद्र मैठानी,डॉ हिमांशु जोशी, डॉक्टर सूचना सचदेवा, डॉ सुधा रानी एवं कॉलेज प्राध्यापक डॉ विक्रम सिंह बर्त्वाल डॉक्टर इमरान अली, विशाल त्यागी, शिशुपाल रावत तथा अन्य प्राध्यापक,कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र विशेष रूप से मौजूद रहे।

## पैर फिसलने से खाई में गिरा, मौत

हमारे संवाददाता

उत्तरकाशी। पैर फिसलने से खाई में गिरे एक व्यक्ति की दर्दनाक मौत हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ ने शव को कब्जे में लेकर उसे पुलिस को सौंप दिया जहां से पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे शव विच्छेदन गृह भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह थाना बड़कोट द्वारा एसडीआरएफ को सूचित किया गया की ग्राम नगान क्षेत्र में एक व्यक्ति खाई में गिर गया है और उसे रेस्क्यू के लिये एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची एसडीआरएफ ने रोप के माध्यम से लगभग 150 मीटर नीचे गहरी खाई में उतरकर उक्त व्यक्ति तक पहुंच बनाई। जिसकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। स्थानीय लोगों द्वारा बताया गया कि उक्त व्यक्ति सड़क किनारे चल रहा था अचानक अपना संतुलन खोने के कारण अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरा। मृतक की पहचान सुदामा उम्र 65 वर्ष निवासी ग्राम थान जिला उत्तरकाशी के रूप में हुई है।



## अधिकारियों एवं कर्मचारियों को डीएम ने दिलाई सद्भावना शपथ

उत्तरकाशी। सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में कलक्ट्रेट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला के द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सद्भावना शपथ दिलाई गई।

सद्भावना दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकीकरण और सांप्रदायिक सौहार्द के संवर्द्धन के लिए जिले के सभी कार्यालयों में अपराह्न 11 बजे सद्भावना शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने जाति, सम्प्रदाय, क्षेत्र, धर्म अथवा भाषा का भ्देभाव किए बिना सभी देशवासियों की भावनात्मक एकता और सद्भाव के लिए कार्य करने और हिंसा का सहारा लिए बिना सभी प्रकार के मतभेद बातचीत और संवैधानिक माध्यमों से सुलझाने की शपथ ली गई।

# प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित

कार्यालय संवाददाता

नरेन्द्रनगर। वाणिज्य विभाग की तत्वाधान में आज नव प्रवेश प्राप्त प्रथम वर्ष के छात्रों के लिए इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

उल्लेखनीय है कि धर्मानंद उनियाल राजकीय महाविद्यालय में नए छात्रों को परिचयात्मक तथा प्रेषित किए जाने के उद्देश्य से आज कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापकों ने बतौर विशेषज्ञ कई विषयों और कार्यक्रमों की झलक अपने व्याख्यान के माध्यम से छात्रों के सम्मुख प्रस्तुत की है।



वाणिज्य विभाग प्रभारी डॉक्टर राजपाल रावत ने छात्रों से अधिक से अधिक संख्या में कॉलेज में उपस्थित रहने की अपील की, वही कालेज प्राध्यापिका डॉक्टर नताशा ने महिला उत्पीड़न शिकायत निवारण प्रणाली की बारे में बताया। डॉक्टर संजय कुमार ने राष्ट्रीय सेवा योजना एवं खेलों के बारे में जानकारी साझा की ।डॉक्टर हिमांशु जोशी ने नैक ,डॉक्टर ज्योति शैली में कंप्यूटर फंगशनिंग, डॉक्टर विजय प्रकाश भट्ट ने एंटी ड्रग सेल, डॉक्टर सोनी तिलारा ने नई शिक्षा नीति तथा डॉक्टर आशुतोष शरण एवं डॉक्टर बीपी पोखरियाल ने एंटी रैगिंग के बारे में नये छात्रों से जानकारी साझा की।

इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य प्रोफेसर राजेश कुमार उभान ने सभी संकाय के छात्रों को कॉलेज वेशभूषा के साथ उपस्थित होने की निर्देश दिए।

# विधानसभा अध्यक्ष ने गुरुद्वारे में मत्था टेक कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की

संवाददाता

कोटद्वार। विधानसभा अध्यक्ष ने गुरूद्वारे में मत्था टेक प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। यहां विधानसभा कोटद्वार के गोविंद नगर स्थित गुरुद्वारा में उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने माथा टेका एवम् उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख समृद्धि खुशहाली की कामना की। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने गुरुद्वारा के लंगर में पहुंचकर प्रसाद वितरण किया। विधानसभा अध्यक्ष ने कोटद्वार की आपदा में गुरुद्वारा कमेटी द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और



आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुरुद्वारा कमेटी ने आपदा की इस मुश्किल घड़ी मे आपदा पीड़ितों के लिए लंगर लगाकर उनकी भोजन व्यवस्था और रहने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा है कि सिख समुदाय असहाय निर्धन लोगों की मदद करने में हमेशा आगे रहा है। उन्होंने कहा की गुरुद्वारे आपदा पीड़ितों की मदद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां पर नर सेवा नारायण सेवा की बात है, जिसका मतलब है कि मनुष्यों की सेवा ही भगवान की सबसे उच्च भक्ति है। गुरुद्वारे में आपदा पीड़ितों की मदद के लिए उन्हें भोजन, शुद्ध पेयजल और साथ ही आध्यात्मिक सहायता भी प्रदान करता है। इसके अलावा, गुरुद्वारा दैनिक कीर्तन, पाठ, और ध्यान के माध्यम से भी आत्मा को शांति और समृद्धि प्राप्त कराता है।

# बन्द मकान का ताला तोड हजारों की नगदी व जेवरात चोरी

देहरादून (सं)। चोरों ने मकान का ताला तोडकर वहां से हजारों की नगदी व जेवरात चोरी कर लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार फुलसेनी निवासी विक्टोरिया मेहरा ने प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि 10 अगस्त 2023 को उसके घर फुलसूनी मे उनके घर पर कोइ नही था तो में 10 अगस्त 23 को वह घर से समय लगभग एक बजे बद्रीनाथ कलोनी किसी कार्य से चली गई थी जब में समय घर आई तो उसने देख उनके घर का समान उथल पुथल पडा हुआ था तथा घर में सामान विखरा हुआ था तो पूछ ताछ पर पता चला की किसी ने उनके घर पर चोरी की गई है तथा उनके घर का ताला तोडकर कुछ नगदी पैसे व कुछ जेवरात चोरी कर के ले गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जहर खुरानों ने नशीला पदार्थ पीलाकर युवक को लूटा

देहरादून (सं)। जहर खुरानों ने युवक को नशीला पदार्थ पीलाकर उससे पांच मोबाइल, हजारों की नगदी व सामान लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार हरबंसवाला निवासी रमित कुमार सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह ओएलएक्स से एक मोबाइल फोन बेचने गया था। प्रिंस चौक पर स्थित येलो चिली रेस्टोरेन्ट पर गया था। अज्ञात दो व्यक्तियों द्वारा उसको रेस्टोरेन्ट मे बुलाया गया। उसके बाद उन्होने उसको फ्रूटी में कुछ नशीला पदार्थ धोखे से पिला दिया जिस के बाद उसको कुछ होश नही रहा। उसकी बाद उसको होश केरोनेशल अस्पताल मे आया। उसके बाद उसका सामान सारा गायब था। जिसमें पांच मोबाइल फोन, दो सोने की अंगूठी, एक बैग जिसमें एक लाख दस हजार रूपये नगद, क्रेडिट व डेबिट कार्ड गायब थे। उक्त लोगों ने उसके क्रेडिट कार्ड से खरीदारी भी की है।

# नकली सामान बेचने पर दो दुकानदारों पर मुकदमा

देहरादून (सं)। वुडलैड के नाम पर नकली सामान बेचने के मामले में पुलिस ने दो दुकानदारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई निवासी हेमंत कुमार सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी वह वुडलैड कम्पनी का कर्मचारी है। उनकी कम्पनी को सूचना मिल रही थी कि दून में कुछ लोग उनकी कम्पनी का लोगो लगाकर नकली सामान बेच रहे है। जिसके बाद उसने यहां पर जांच की तो दून अस्पताल के पास दो दुकानदार उनकी कम्पनी के नाम पर नकली सामान बेचते पाये गये। जिसके बाद पुलिस ने उसके साथ जाकर मुस्लिम कालोनी लक्खीबाग निवासी नाजिम व रीठा मण्डी निवासी रईस अहमद की दुकान पर जाकर छापा मारा तो वहां पर वुडलैड के नाम पर नकली सामान बेचते पाया। पुलिस ने वहां से कुछ सामान जब्त कर दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# अपने खाने में जरूर शामिल करें शिमला मिर्च

हमारे आस-पास कई ऐसे फूड्स हैं, जो हमारे शरीर में इम्यून सिस्टम को बूस्ट करता है। शिमला मिर्च उन्हीं सब्जियों में से एक है, जिससे इम्यूनिटी बूस्ट होती है। आज हम आपको इसके फायदों के बारे में बताने जा रहे हैं। चलिए जानते हैं शिमला मिर्च खाने के फायदे....

– इम्यूनिटी सिस्टम को बूस्ट करने के लिए शिमला मिर्च काफी मददगार होता है। इसमें विटामिन सी की मात्रा अधिक होती है। विटामिन सी इम्यून सिस्टम को बूस्ट करने के साथ-साथ हमारे मस्तिष्क को भी फायदा पहुंचाता है। इसके साथ ही शिमला मिर्च के सेवन से तनाव और अस्थमा जैसी बीमारी को कंट्रोल किया जा सकता है।

– अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो अपने डायट में शिमला मिर्च को जरूर शामिल करें। शिमला मिर्च में कैलोरी बहुत ही कम होता है। इसके कारण शिमला मिर्च का सेवन करने से काफी हद तक वजन कम होता है। इसके साथ-साथ शिमला मिर्च से मेटाबॉलिज्म काफी अच्छा होता है। मेटाबॉलिज्म बेहतर होने से हमारा वजन काफी तेजी से घटता है। शिमला मिर्च में विटामिन सी, विटामिन ए, अल्कालॉइड्स, फलेवानाईड्स और टैनिन्स जैसे तत्व प्रचूर मात्रा में पाए जाते हैं। इसमें मौजूद अल्कालॉइड्स एंटी-इंफलेमेटरी और एनलजेस्टिक हमारे शरीर के लिए एंटीऑक्सीडेंट की तरह काम करता है।



– शिमला मिर्च में फ्लेवोनॉइड्स तत्व पाया जाता है, जो कई तरह के दिल की समस्याओं को हमसे दूर रखती है। शिमला मिर्च के सेवन से पूरे शरीर में ऑक्सीजन का सप्लाय काफी अच्छा होता है। इस वजह से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है। अगर आपको दिल से संबंधित कोई समस्या है, जो इस सब्जी को जरूर अपने डायट में शामिल करें।

# सुबह उठने के इस तरीके को आयुर्वेद में बताया गया है सबसे सही



अच्छी नींद के बाद दिनभर व्यक्ति हेल्दी और तरोताज़ा महसूस करता है। लेकिन, सही मात्रा में नींद से जहां सेहत अच्छी रहती है। वहीं, सुबह सही तरीके से उठने से भी सेहत पर असर पड़ता है। आयुर्वेद में सुबह बिस्तर से उठने के लिए कुछ तरीके बताए गए हैं। जिनका, पालन करके आपको कई हेल्दी फायदे होंगें।

आयुर्वेद के अनुसार, सुबह सूर्योदय से पहले उठना चाहिए। इससे, आपका शरीर दिन चढ़ने की प्रक्रिया के साथ तालमेल बिठा सकता है। इसके अलावा कुछ और भी बातों का भी ध्यान रखना चाहिए।

सुबह आँख खुलने के बाद सबसे पहले दाहिनी तरफ करवट लें। फिर, बिस्तर से उठें और बैठें। दरअसल, सोते समय शरीर की मेटाबॉलिक रेट बहुत कम हो जाती है। जिससे, शरीर पूरी तरह से आराम की मुद्रा में चले जाता है। अगर, आप अचानक से बिस्तर से उठ बैठते हैं या, बाहिनी ओर से उठते हैं। तो, आपके दिल पर अधिक ज़ोर पड़ता है।

उठने के बाद अपने बिस्तर पर आराम से बैठें। फिर, अपनी दोनों हथेलियों को रगड़ें। फिर, अपनी हथेलियों को आंखों पर रखें। इससे, नर्व्स को उत्तेजित किया जा सकता है और इससे आपकी नींद पूरी तरह खुल जाएगी। अब, अपनी हथेलियों को अपनी माथे, चेहरे और कंधों पर ले जाएं। इससे, शरीर में रक्त का संचार भी बेहतर होता है।

# ह्यूमिडिटी की स्थिति में न लें ये 5 ब्यूटी लुक

त्वचा के प्रकार के अलावा मौसम के अनुसार भी चेहरे पर मेकअप उत्पादों का उपयोग करना चाहिए।अगर ऐसा न किया जाए तो पूरा मेकअप लुक बिगड़ सकता है। जैसे कि अभी मानसून का मौसम है तो इस दौरान ह्यूमिडिटी काफी बढ़ जाती है, जिसके कारण बहुत पसीना आता है।आइए आज हम आपको बताते हैं कि ह्यूमिडिटी की स्थिति में किस तरह के ब्यूटी लुक्स लेने से बचना चाहिए।

आंखों का भारी मेकअप न करें

आपको चाहें किसी शादी में जाना हो या पार्टी में, आंखों का भारी मेकअप करने से बचें।कई आईशैडो, आईलाइनर और मस्कारा के साथ आंखों का भारी मेकअप लुक ह्यूमिडिटी के कारण आसानी से फैल या फिर फीका हो सकता है।अगर आप इस समस्या से बचे रहना चाहते हैं तो वॉटरप्रूफ फॉर्मूले वाले आई मेकअप उत्पादों को चुनकर आंखों पर हल्का मेकअप लगाएं।यहां जानिए आंखों का मेकअप करते समय कौन-सी गलतियां नहीं करनी चाहिए।

भारी फाउंडेशन न लगाएं

ह्यूमिडिटी की स्थिति में हल्का, तेल मुक्त फाउंडेशन या टिंटेड मॉइस्चराइजर का चयन करें, जो त्वचा पर भारीपन महसूस करवाए बिना कवरेज प्रदान करते हैं।वैसे पाउडर फाउंडेशन का उपयोग करना सबसे अच्छा है।इसका मुख्य कारण है कि यह कई घंटों तक चेहरे के अतिरिक्त तैलीय प्रभाव को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है, जिस वजह से मेकअप के फैलने की संभावना काफी कम हो जाती है। इसके अलावा इससे आपको मैट फिनिश मेकअप लुक मिलता है।

लिप ग्लॉस का न करें उपयोग

ह्यूमिडिटी की स्थिति में लिप ग्लॉस के खराब होने की संभावना अधिक रहती है।ऐसे में अपने होठों को हाइड्रेट रखने के लिए लिपस्टिक से पहले इन पर हल्का लिप बाम या फिर लिप स्टेन लगाएं।इसके अतिरिक्त गुलाबी, हल्के भूरे या न्यूड रंग की सॉफ्ट मैट लिपस्टिक का इस्तेमाल करें, जो ट्रांसफर-प्रूफ हो।अगर आपके पास क्रीमी फॉर्मूले में लिपस्टिक है तो उसे लगाने के बाद होंठों पर थोड़ा-सा पाउडर लगाएं।

सही तरह से मेकअप को ब्लेंड न करना

यह एक सबसे बड़ी गलती है, जिसे महिलाएं अक्सर दोहराती हैं।भले ही आपने कितने भी महंगे मेकअप उत्पाद क्यों न खरीदे हों, लेकिन इनका फायदा आपको तब तक नहीं मिल सकता, जब तक इन्हें सही से लगाया न जाए।हल्का फाउंडेशन चुनने की तरह ही ह्यूमिडिटी की स्थिति समेत हर तरह के मौसम में मेकअप उत्पादों को ठीक से ब्लेंड करना जरूरी है।यहां जानिए पहली बार मेकअप करने की टिप्स।

त्वचा की देखभाल को न करें नजरअंदाज

स्वस्थ और खूबसूरत त्वचा बनाए रखने के लिए त्वचा की देखभाल को प्राथमिकता देना बहुत जरूरी है।हाई ह्यूमिडिटी के स्तर से अत्यधिक पसीना आ सकता है, रोमछिद्र बंद हो सकते हैं और तेल का उत्पादन बढ़ सकता है, जिसके परिणामस्वरूप चेहरा फीका पड़ सकता है।

इन समस्याओं से बचने के लिए लगातार त्वचा देखभाल की दिनचर्या का पालन करें जैसे दिन में 2 बार अपना चेहरा साफ करना, त्वचा को एक्सफोलिएट करना और हल्के मॉइस्चराइजर का उपयोग करें।



# दुलकर सलमान ने जन्मदिन पर किया वेंकी एटलुरी के साथ नई फिल्म लकी भास्कर का ऐलान

दुलकर सलमान दक्षिण भारतीय सिनेमा के मशहूर सितारे हैं। अभिनेता कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहे हैं और सीता रामम के बाद से उनकी लोकप्रियता दुनियाभर में काफी बढ़ गई है। अभिनेता ने पोस्टर जारी करते हुए अपनी नई फिल्म लकी भास्कर का ऐलान कर दिया है, जिसका निर्देशन वेंकी एटलुरी करेंगे। अभिनेता के फिल्म की घोषणा करने बाद से ही प्रशंसक काफी उत्सुक हो गए हैं। दुलकर की इस फिल्म को लेकर कोई जानकारी नहीं थी और ऐसे में अभिनेता ने फिल्म की घोषणा होना प्रशंसकों के लिए किसी तोहफे से कम नहीं है।कहा जा रहा है कि फिल्म से जुड़ी बाकी जानकारी जल्द ही निर्माताओं की ओर से जारी की जाएगी। निर्देशक ने हाल ही में धनुष के साथ बॉक्स ऑफिस पर बड़ी हिट फिल्म वाथी दी थी और अब उन्हें इस फिल्म से भी वही सफलता दोहराने की उम्मीद है।

दुलकर ने लकी भास्कर का पोस्टर ट्विटर पर साझा किया है। इसमें अभिनेता का चेहरा 1०० रुपये के नोट से ढका हुआ है और उनकी मुस्कुराहट ही नजर आ रही है। इस पोस्टर को प्रशंसक पसंद कर रहे हैं और कमेंट पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।कोई फिल्म को लेकर उत्साह जाहिर कर रहा है तो किसी को उम्मीद है कि अभिनेता बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाएंगे।प्रशंसक इसे अभिनेता के जन्मदिन का सबसे अच्छा तोहफा बता रहे हैं। सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या अपने संबंधित बैनर सीथारा एंटरटेनमेंट्स और फॉर्च्यून फोर सिनेमाज के तले लकी भास्कर का निर्माण करेंगे। अभी फिल्म की कहानी के बारे में ज्यादा कुछ खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन कहा जा रहा है कि निर्देशक एक अनोखे विषय पर फिल्म बना रहे हैं। जीवी प्रकाश कुमार फिल्म को संगीत देंगे तो नवीन नूली ने एडिटिंग की जिम्मेदारी संभाली है, वहीं श्रीकारा स्टूडियो फिल्म को प्रस्तुत कर रहा है। दुलकर जल्द ही गन्स एंड गुलाब में नजर आने वाले हैं, जिसका टीजर भी जारी हो गया है। कृष्णा डीके और राज एंड डीके द्वारा निर्मित इस सीरीज में दुलकर के साथ राजकुमार राव, गुलशन देवैया, टीजे भानु और आदर्श गौरव भी नजर आने वाले हैं।इसके अलावा वह अभिलाष जोशी की फिल्म किंग ऑफ कोठा का हिस्सा हैं, जो अगस्त में सिनेमाघरों में दस्तक देगी।वह हाल ही में जसलीन रॉयल के साथ म्यूजिक वीडियो हीरिये में दिखे थे।

# ड्रिम गर्ल 2 से पहले सोशल मीडिया पर बवाल मचा रहीं अनन्या पांडे

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म ड्रिम गर्ल 2 के कारण सोशल मीडिया पर काफी सुर्खियां बटौर रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो अक्सर इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं, फैंस उनके लुक पर खूब सारा प्यार लूटा रहे हैं। एक्ट्रेस अनन्या पांडे अपने फैशन स्टेटमेंट से अक्सर लोगों को हैरान कर देती हैं। वो हर बार अपने लुक्स के इंटरनटे का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अवतार देखकर फैंस का दिल मचल गया है। साथ ही लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। अनन्या पांडे ने अपने इस फोटोशूट के दौरान ब्लू जींस और व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप पहना हुआ है। एक्ट्रेस ने अपने इस टॉप के ऊपर से लॉन्ग ब्लेजर कोट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। एक्ट्रेस अनन्या पांडे कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक बिंदास लुक में पोज देते हुए फोटोज क्लिक करवा रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया लवर हैं। वो इंस्टाग्राम पर जब भी अपनी तस्वीरें शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर जमकर लाइक्स और रिस्पॉन्स देते हैं। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन


# गले की समस्या से राहत पाने के लिए अपनाएं घरेलू नुस्खे

अगर आपको कभी भी गले में खराश, दर्द या जलन महसूस होती है तो उसे नजरअंदाज करने की गलती बिल्कुल भी न करें क्योंकि ये टॉन्सिलाइटिस के लक्षण हो सकते हैं।इसमें गले का हिस्सा यानी टॉन्सिल बैक्टीरिया या वायरल से संक्रमित हो जाता है, जिसके कारण पीड़ित व्यक्ति को बातचीत करने में भी दिक्कत होती है।आइये आज हम आपको टॉन्सिलाइटिस की समस्या से राहत दिलाने के लिए 5 घरेलू नुस्खे बताते हैं।



नमक के पानी से गरारे करें

नमक दर्द और सूजन को कम करने में सहायक है, जबकि गर्म पानी बलगम और खांसी को कम कर सकता है।यही कारण है कि यह टॉन्सिलाइटिस के लिए एक प्रभावी और आसान उपाय है, जिसे आप पूरे दिन में कई बार कर सकते हैं।इसके लिए गुनगुने पानी में थोड़ा-सा नमक मिलाएं और फिर इसे गरारे करें। इस दौरान ध्यान रखें कि पानी बहुत गर्म न हो, वरना इससे जलन बढ़ सकती है।

सेब का सिरका

सेब का सिरका गले की सूजन और दर्द से राहत दिलाने में मददगार है। यह टॉन्सिलाइटिस पैदा करने वाले वायरस और बैक्टीरिया से लड़ने में भी मदद करता है।लाभ के लिए गर्म पानी में लगभग 1-2 बड़ी चम्मच सेब का सिरका मिलाएं और फिर दिन में 2 से 3 बार इसका सेवन करें।अगर आपको इसका स्वाद पसंद नहीं आ रहा है तो आप इससे सिर्फ गरारे भी कर सकते हैं।यहां जानिए सेब के सिरके से जुड़े हैक्स।

तुलसी

तुलसी शक्तिशाली एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर है, जो टॉन्सिल को शांत करने में मदद करते हैं।इसके लिए आप दिन में कई बार गुनगुने तुलसी के पानी से गरारे करें या तुलसी की चाय पीयें।टॉन्सिलाइटिस से होने वाले दर्द को कम करने के लिए आप अपने गले और छाती पर तुलसी का तेल भी लगा सकते हैं।इसके अलावा उबले हुए तुलसी के पत्तों की भाप लेने से भी गले की सूजन से राहत मिल सकती है।



मेथी के बीज

मेथी के बीज में ऐसे गुण होते हैं, जो टॉन्सिलाइटिस के कारण गले में होने वाले दर्द और परेशानी को कम करने में मदद कर सकते हैं।लाभ के लिए मेथी के कुछ बीजों को रातभर पानी में भिगोएं और फिर अगली सुबह पानी को छान लें। इस पानी से दिन में कम-से-कम 3 बार गरारे करें।इस उपाय को तब तक करते रहिए, जब तक टॉन्सिलाइटिस के लक्षण कम न हो जाएं।

ह्यूमिडिफायर

घर पर ह्यूमिडिफायर का इस्तेमाल करना टॉन्सिलाइटिस के दर्द और सूजन से छुटकारा पाने का एक शानदार तरीका है।दरअसल, शुष्क हवा में सांस लेने से टॉन्सिलाइटिस का दर्द और सूजन बढ़ सकती है, जबकि ह्यूमिडिफायर ऐसा उपकरण है, जो हवा में नमी को बढ़ाने का काम करता है।इसके कारण आप टॉन्सिलाइटिस से पीड़ित होने के बाद भी ठीक से सांस ले सकेंगे।यहां जानिए ह्यूमिडिफायर से जुड़ी महत्वपूर्ण बातें।(आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -013


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | | स | पू | त |
| ल | | ब | ल | वा | न | | | द |
| म | ह | क | | खा | म | खां | | बी |
| ग्न | | त | ल | ना | | स | फ | र |
| | म | रा | | | | ना | टा | |
| | हि | | स | | | | फ | न |
| | ला | ज | वा | ब | | म | ट | र |
| मां | | ग | | सं | त | ति | | भ |
| | मा | त | ह | त | | | प | क्षी |

# शीना बजाज नॉन स्टॉप धमाल से करेंगी बॉलीवुड डेब्यू

इरशाद खान द्वारा निर्देशित फिल्म नॉन स्टॉप धमाल से एक्ट्रेस शीना बजाज बॉलीवुड में डेब्यू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। एक्ट्रेस ने फिल्म में काया की भूमिका निभाई है, जिसमें राजपाल यादव, अन्नू कपूर, मनोज जोशी, श्रेयस तलपड़े, हेमंत पांडे और कई अन्य कलाकार भी हैं।

शीना ने कहा, इस फिल्म से लंबे ब्रेक के बाद कॉमेडी में मेरी वापसी है। इस शैली में मेरी आखिरी फिल्म सिटकॉम बेस्ट ऑफ लक निक्की थी। इतने प्रतिभाशाली कलाकारों और क्रू के साथ फिल्म में काम करना अद्भुत था। राजपाल यादव से बहुत कुछ सीखा। वह हमेशा मदद के लिए मौजूद थे और हमने बहुत कुछ सुधार भी किया। उन्होंने मेरे काम के बारे में अच्छी बातें कहीं। ऐसी बातें बहुत मायने रखती हैं।

अब जब वह फिल्मों में अपना सफर शुरू कर रही हैं, तो हम उनसे पूछा कि वह किस तरह की भूमिकाएं निभाने की इच्छुक है।

उन्होंने कहा, बॉलीवुड में, मेरा पर्सपेक्टिव मुख्य रूप से ऐसी भूमिकाओं की तलाश के इर्द-गिर्द घूमता है, जो गहराई से परफॉर्मेंस-ओरिएंटेड हो, जो मुझे एक एक्टर के रूप में वास्तव में आगे ले जाए। यह वह अनोखी फिल्म है जहां आपके पास अपने परफॉर्मेंस से दर्शकों को अपने और आर्कषित कर सकते हैं।

एक बार जब आप यह हासिल कर लेते हैं और लोग आपकी प्रतिभा को पहचान लेते हैं, जो आगे बढ़ना आसान हो जाता है। नॉन स्टॉप धमाल 18 अगस्त को रिलीज होने वाली है और ट्रेलर 4 तारीख को लॉन्च होने वाला है। कृपया ट्रेलर देखें, म्यूजिक का आनंद लें। आपकी प्रतिक्रिया से सुधार हो सकते हैं।

इसके अलावा, होराइजन पर एक और फिल्म है, और मैं ईमानदारी से सभी से आग्रह करती हूं कि इस रोमांचक यात्रा के दौरान मुझे अपना अटूट समर्थन, प्यार और स्नेह प्रदान करें। एक्ट्रेस टीवी और साउथ फिल्मों का एक जाना माना चेहरा है। उन्होंने कहा, मुझे चाइल्ड एक्ट्रेस के रूप में फिल्मों में बड़े पैमाने पर काम करने का अवसर मिला है, खासकर महेश भट्ट और मुकेश भट्ट कैंप के साथ। मैंने करीना, कैटरीना सहित अलग-अलग एक्ट्रेस के चाइल्डहुड वर्जन को चित्रित किया है। मैं चाइल्ड एक्ट्रेस के रूप में अपने समय के दौरान कई टीवी शो और विज्ञापनों का हिस्सा रही हूं। हालाँकि, मैंने इन अलग-अलग माध्यमों के बीच स्पष्ट अंतर देखा है। टेलीविजन के लिए अत्यधिक प्रयास की आवश्यकता होती है, जो अक्सर लगभग 16-17 घंटों तक चलता है।

उन्होंने आगे कहा, वर्तमान में, मैं एक ऐसे शो में शामिल हूं जहां टेलिकास्ट संबंधी समस्याओं के कारण शूटिंग बढ़ सकती है। इसके बावजूद, परफॉर्मेंस त्रुटिहीन रहना चाहिए। यह महत्वपूर्ण है कि आपके चेहरे पर थकान या हताशा के कोई लक्षण न दिखें - चाहे कुछ भी हो, शो जारी रहना चाहिए। दूसरी ओर, फिल्मों में काम करने का एक सीमित शेड्यूल, सीमित समय और एक विशिष्ट समय की आवश्यकता होती है।

# पूजा हेगड़े में चढ़ा बॉर्बी का खुमार, पिंक नेकलाइन ड्रेस में शेयर की ग्लैमरस तस्वीरें

बॉलीवुड एक्ट्रेस पूजा हेगड़े आए दिन अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरें फैंस के बीच शेयर कर अक्सर इंटरनेट का तापमान बढ़ा देती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके हर एक लुक पर अपना दिल हार जाते हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने बॉर्बी लुक में अपनी फोटोज शेयर कर फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी है। इन तस्वीरों में उनका स्टाइलिश अवतार देख फैंस लट्टू हो गए हैं। किसी का भाई किसी की जान फेम एक्ट्रेस पूजा हेगड़े हमेशा सोशल मीडिया के जरिए अपने फैंस के साथ जुड़ी रहती हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो लोग उनके हर एक अंदाज की तारीफ करते नहीं थकते हैं। अब पूजा हेगड़े ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट फैंस के बीच शेयर किया है। इन तस्वीरों में बॉर्बी लुक में नजर आ रही हैं।



पूजा हेगड़े ने अपनी इन तस्वीरों में पिंक कलर का नेकलाइन बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अभिनेत्री कैमरे के सामने बेहद ही हॉट और सिजलिंग पोज में फोटोज क्लिक करवा रही हैं। ओपन हेयर, लाइट मेकअप और चेहरे पर क्यूट सी स्माइल देते हुए एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को अच्छे से निखारा है। अभिनेत्री पूजा अपने इस बॉडीकॉन आउटफिट में परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो अक्सर इंटरनेट का पारा बढ़ा देती हैं। हालांकि उनके इस लुक को देखकर भी फैंस उनके हुस्न के दीवाने हो गए हैं।

# उर्फी जावेद को एकता कपूर कराएंगी बॉलीवुड के दर्शन!



उर्फी जावेद अक्सर अपने अतरंगी कपड़ों और अजीबो-गरीब फैशन के चलते लोगों के बीच चर्चा का विषय बनती हैं। हालांकि, अब वह एक नई वजह से सुर्खियों में आई हैं। खबर है कि टीवी क्वीन और जानी-मानी निर्माता एकता कपूर उन्हें बॉलीवुड में लॉन्च करने की तैयारी में हैं और वो भी अपनी फिल्म लव सेक्स और धोखा (लव सेक्स और धोखा) के सीक्वल लव सेक्स और धोखा 2 से। उर्फी भी इसे लेकर उत्साहित हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, लव सेक्स और धोखा 2 के निर्माताओं ने फिल्म की लीड हीरोइन के लिए उर्फी से संपर्क किया है और अभिनेत्री ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई है। एकता को लगता है कि उर्फी इस फिल्म के लिए फिट हैं। कोई शक नहीं कि यह फिल्म उर्फी के करियर के लिए एक बड़ी छलांग साबित हो सकती है। बिग बॉस ओटीटी , स्प्लिट्सविला और फिर सोशल मीडिया से नाम कमाने के बाद उर्फी अब फिल्मों में कदम रखने को तैयार है।

2010 में आई लव सेक्स और धोखा में एमएमएस कांड, ऑनर किलिंग और स्टिंग ऑपरेशन सहित कुछ दिलचस्प विषयों को छुआ गया था। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल रही थी। 2 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने लगभग 10 करोड़ रुपये कमाए थे। इसमें अंशुमन झा, नुसरत भरूचा और राजकुमार राव जैसे कलाकार नजर आए थे। इन तीनों ने ही इस फिल्म से बॉलीवुड में कदम रखा था। एकता अब 13 साल बाद इसका सीक्वल लेकर आ रही हैं।

एकता ने 2021 में अपनी इस फिल्म के सीक्वल का ऐलान किया था। उस वक्त इसने अपनी रिलीज के 11 साल पूरे किए थे। एकता ने कहा था, लव सेक्स और धोखा को अपनी दिलचस्प कहानी और शानदार म्यूजिक के लिए याद किया जाता है। इसके दूसरे भाग की घोषणा करने के लिए आज से बेहतर दिन कोई नहीं हो सकता। पिछले दिनों फिल्म के पहले पोस्टर के साथ इसकी रिलीज डेट सामने आई थी। लव सेक्स और धोखा 2 16 फरवरी, 2024 को रिलीज होगी।

उर्फी ने 2016 में शो बड़े भैया की दुल्हनिया से टीवी पर अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। इसके बाद वह चंद्र नंदनी में दिखीं, वहीं मेरी दुर्गा में आरती के किरदार से भी उर्फी ने दर्शकों का दिल जीता।

उर्फी बेपनाह, डायन, ये रिश्ता क्या कहलाता है और कसौटी जिंदगी की जैसे धारावाहिकों का भी हिस्सा रहीं। वह बिग बॉस ओटीटी से चर्चा में आई थीं। इसके बाद उर्फी एमटीवी स्प्लिट्सविला के 14वें सीजन में भी नजर आईं। (आरएनएस)

# जारी हुआ स्कैम 2003-द तेलगी स्टोरी का टीजर

निर्देशक हंसल मेहता अपने तरह की फिल्में बनाने के लिए जाने जाते हैं। उनकी फिल्मों को देखने वाला सीमित दर्शक वर्ग रहा है। ओटीटी पर हंसल मेहता को अच्छी लोकप्रियता हासिल हुई है। उनकी प्रतीक गाँधी अभिनीत स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी ने अपने साथ असंख्य दर्शकों को जोड़ने में सफलता प्राप्त की। अब हंसल मेहता इसी सीरीज का दूसरा भाग लेकर आए हैं। मेकर्स ने हाल ही में इस सीरीज का टीजर रिलीज किया। 'स्कैम 2003- द तेलगी स्टोरी' टाइटल्ड इस सीरीज में साल 2003 में हुए 30 हजार करोड़ के स्टाम्प घोटाले की कहानी दिखाई जाएगी। यह घोटाला नकली स्टांप पेपर छापने वाले अब्दुल करीम तेलगी ने किया था। रिपोर्ट्स की मानें तो सीरीज में एक्टर गगन देव लीड रोल प्ले करते दिखेंगे। टीजर में मेकर्स ने सीरीज में अब्दुल करीम तेलगी का रोल प्ले करने वाले एक्टर का फेस रिवील नहीं किया है। इसकी शुरुआत में मनोज बाजपेयी का वॉयस ओवर सुनाई दे रहा है। वो बता रहे हैं कि 2003 में इतना बड़ा स्कैम हुआ कि जीरो कम पड़ गए। यह सीरीज 2003 में हुए तेलगी स्कैम पर बेस्ड है। इस स्कैम में नकली स्टांप पेपर छापने वाले अब्दुल करीम तेलगी की कहानी दिखाई जाएगी। अब्दुल ने एक वेंडर के रूप में शुरुआत की थी और ट्रैवल कंपनियों में काम करते हुए नकली टिकटों के जरिए इतने बड़े घोटाले को अंजाम दिया था। कई राज्यों में फैले इस घोटाले ने पूरे देश को शॉक कर दिया था। सीरीज 2 सितंबर से ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लाइव पर स्ट्रीम होगी।

# कल्कि कोचलिन की गोल्ड फिश की रिलीज तारीख आई सामने!

भारतीय सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री और लेखिका कल्कि कोचलिन पिछले कुछ दिनों से अपनी आगामी फिल्म गोल्ड फिश को लेकर सुर्खियों में हैं। अब निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख से पर्दा उठा दिया है।यह फिल्म 25 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।इसके साथ निर्माताओं ने गोल्ड फिश का आधिकारिक पोस्टर साझा कर दिया है, जिसमें कल्कि और दीप्ति नवल की झलक देखने को मिल रही है।



कल्कि की फिल्म गोल्ड फिश का निर्देशन अनुराग कश्यप द्वारा किया जा रहा है।इसमें कल्कि के अलावा रजित कपूर, भारती पटेल, गॉर्डन वार्नके, रविन गनात्रा और शनाया रफत जैसे कलाकार अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। गोल्ड फिश पूषन कृपलानी द्वारा निर्मित है।इसके अलावा कल्कि अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला की मेड इन हेवन 2 में भी अभिनय करती दिखाई देंगी।इसका प्रीमियर 10 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर किया जाएगा।

बता दें कि फिल्म में मैमोरी, म्यूजिक, मेंटल हेल्थ और आइडेंटिटी जैसे मसलों को दिखाया गया है। इस फिल्म में कल्कि अनामिका के रोल में नजर आएंगी, वहीं दीप्ति नवल उनकी मां के किरदार में दिखाई देंगी। इस फिल्म की कहानी डिमेंशिया के विषय पर आधारित है। फिल्म में कल्कि अपनी मां (दीप्ति नवल) के पास लौटती हैं, जो डिमेंशिया से जूझ रही हैं।

इस फिल्म को लेकर अनुराग कश्यप भी प्रतिक्रिया दे चुके हैं। उन्होंने कहा था, मैंने बुसान इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में गोल्डफिश देखी थी और यह फिल्म बहुत शानदार लगी। फिल्म में कल्कि और दीप्ति नवल के बीच दिखाया गया रिश्ता, स्क्रिप्टिंग, डायरेक्शन, सबकुछ बहुत खास है। यह बहुत खूबसूरत फिल्म है। मुझे खुशी है कि दुनियाभर के कई फेस्टिवल में प्रदर्शित होने के बाद अब यह भारतीय दर्शकों के सामने आ रही है।

इस फिल्म में काम करने को लेकर कल्कि भी अपना अनुभव साझा कर चुकी हैं। उन्होंने कहा, मदरहुड और कोविड के बाद फिल्म गोल्डफिश के जरिए स्क्रीन पर वापस लौटते हुए बहुत उत्सुक हूं। फिल्म में मां-बेटी के रिश्ते को दिखाया गया है, जो मैंने और दीप्ति नवल ने अदा किया है। यह इमोशंस से भरी हुई दिल को छू लेने वाली फिल्म है।

# क्या इमरान खान क्लीन बोल्ड हो गए

श्रुति व्यास

इमरान खान एक हर-दिल-अज़ीज़ शख्शियत के मालिक हैं - या कम से कम थे।उन्होने बतौर क्रिकेटर पूरी दुनिया का मनोरंजन किया और दर्शको का दिल जीता।वे महिलाओं में विशेष लोकप्रिय थे और उनकी छवि एक लेडीकिलर और प्लेबॉय की थी।पाकिस्तान के लिए वे ऐसा हीरा थे जिसने उस देश को पहली और आखिरी बार क्रिकेट वर्ल्ड कप में जीत दिलवाई। यही कारण था कि जब वे राजनीति के अखाड़े में उतरे तब उनके पास पहले से ही समर्थकों की विराट फौज तैयार थी। अपने नए अवतार में वे एक प्रभावी वक्ता के रूप में उभरे जो लोगों को मोह भी सकता था और उनमें गुस्सा और जुनून भी भर सकता था। सियासतदां के रूप में इमरान खान अपनी अति धार्मिकता और अतिवादी विचारों के लिए जाने जाते थे। यहां तक कि उन्हें तालिबान खान कहा जाने लगा था। पत्रकार उनका मजाक बनाते थे और राजनीति के मैदान के पुराने खिलाड़ी उन्हें गंभीरता से लेने को तैयार नहीं थे।उन्होंने अपनी खुद कीपार्टी बनाई जिसके हाथ 'नए पाकिस्तान' का नारा लग गया और अंतत: वे देश के प्रधानमंत्री बन गए। परंतु जितनी तेजी से उनका उत्थान हुआ था उतनी ही तेजी से उनका पतन भी हुआ। पिछले अप्रैल में एक अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग के बाद उन्हें अपना पद छोड़ना पड़ा। उनकी खिलाफत में सभी विपक्षी पार्टियां एक हो गईं थीं। फिर नवंबर में एक रैली में उनके काफिले पर एक बंदूकधारी ने गोलियां दागीं। उनके समर्थकों का कहना था कि यह दरअसल उन्हें जान से मारने की साजिश थी। बहरहाल, गोलियां उनके पैर में ही लगीं। उनपर भ्रष्टाचार के कई आरोप थे और अदालतों में सुनवाईयां चल रहीं थीं। परंतु इस सबके बाद भी वे अविचलित थे। उन्होंने सेना के खिलाफ जो नैरेटिव बनाया वह लोगों को ठीक लगा। वे पाकिस्तान में मकबूल बने रहे।

परंतु इस शनिवार उनकी उम्मीदें धूल में मिल गईं। भ्रष्टाचार के एक मामले में उन्हें तीन साल कैद की सजा सुनाई गई और पांच साल के लिए राजनीति में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया गया। पुलिस ने बिना देरी किए लाहौर में उनके घर से इमरान को हिरासत में ले लिया। इस गिरफ्तारी के साथ ही वे देश में अगले नवंबर में होने वाले आमचुनाव में उम्मीदवार बनने के लिए अपात्र हो गए हैं।वैसे तो पहले भी इसमें कोई शक नहीं था परंतु अब एक बार फिर यह साफ हो गया है कि पाकिस्तान पर सेना का पूरा नियंत्रण है और वहां की सरकार की ताकत का स्त्रोत सेना ही है। और चाहे लोग सेना की कितनी ही खिलाफत करें यह स्थिति बदलने वाली नहीं है। अपनी गिरफ्तारी के बाद भी इमरान खान शांत नहीं बैठे। उन्होंने एक वीडियो वक्तव्य में कहा कि उनकी राजनीति दरअसल पाकिस्तान की आत्मा को आजाद कराने की राजनीति है। उन्होंने कहा, ''आपके लिए बस मेरी एक अपील है।चुपचाप बैठे मत रहिए। अपने घर में छुपे मत रहिए। मैं यह संघर्ष अपने लिए नहीं कर रहा हूं। मैं यह संघर्ष आपके लिए और आपके बच्चों के भविष्य के लिए कर रहा हूं।

इस गिरफ्तारी के साथ ही सेना और इमरान के बीच चूहा-बिल्ली का खेल खत्म हो गया है। अब सवाल यह है कि क्या ७० साल के इमरान चुप बैठ जाएंगे। क्या हम यह मान लें कि राजनीति के क्रिकेट मैच में उन्हें क्लीन बोल्ड कर दिया गया है।

अपनी गिरफ्तारी से कुछ समय पहले अल जजीरा के साथ एक इंटरव्यू में इमरान गरज रहे थे,किसी भी ऐसे विचार जिसका समय आ गया है को आप रोक नहीं सकते। आप चुनाव सर्वे देखें। पीटीआई (इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ) को ७० प्रतिशत मतदाता पसंद कर रहे हैं। इस तरह की लोकप्रियता किसी दूसरी पार्टी को हासिल नहीं है। जो कुछ हो रहा है यह पागलपन है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि इमरान के समर्थकों की संख्या बहुत बड़ी है। लोगों को उनसे सहानुभूति है। लोग उन्हें चाहते हैं। भले ही उनकी खुद की पार्टी के नेता उन्हें छोड़कर चले गए हों परंतु आम पाकिस्तानी अभी भी उन पर श्रद्धा रखते हैं और जनता में उनका इतना प्रभाव तो है ही कि वे पाकिस्तान के 'सामान्य हालातों' को असामान्य बना सकते हैं। परंतु यह भी सच है कि पाकिस्तान का इतिहास राजनैतिक पतन का इतिहास रहा है। सभी निर्वाचित प्रधानमंत्री अंतत: जेल पहुंचे और सेना ने यह सुनिश्चित किया कि उसके बाद वे फिर कभी राजनीति में वापिस नआ पाएं। इसके विपरीत चारों सैनिक तानाशाहों - अयूब खान, याह्या खान, जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ - में से एक को भी चुनी हुई सरकार का तख्ता पलटने और संविधान का उल्लंघन करने के लिए किसी अदालत का सामना नहीं करना पड़ा।

नि:संदेह इमरान के पास अपनी सजा के खिलाफ अपील करने का हक है और यह भी हो सकता है कि उन्हें कुछ राहत मिल जाए। परंतु सेना को उनका जो नुकसान करना था वह कर चुकी है। इमरान के लिए राजनीति में वापसी के दरवाजे धीरे-धीरे बंद किए जा रहे हैं। आने वाले समय में पाकिस्तान की डरी-सहमी नागरिक संस्थाएं, जो सेना के इशारों पर नाचती हैं, राजनीति में वापस आने के उनके सारे रास्ते बंद कर देंगीं। मजे की बात यह है कि शहबाज शरीफ की सरकार भी पीटीआई को विघटित करने का समर्थन कर रही है और इमरान की गिरफ्तारी को इंसाफ की जीत बता रही है। यह सेना के इशारे पर हो रहा है या इसके पीछे शहबाज शरीफ की मौकापरस्ती मात्र है, यह कहना मुश्किल है। सरकार ने यह भी कहा है कि देश में जल्द से जल्द राजनीतिक और आर्थिक स्थिरता कायम की जानी चाहिए।

परंतु राजनैतिक और आर्थिक स्थिरता पाकिस्तान के लिए एक सपना ही बना रहेगा। पाकिस्तान में जल्द ही गृहयुद्ध शुरू हो सकता है। पहले ही से अराजक माहौल को इमरान खान के समर्थक और अराजक बनाएंगे। नवंबर में होने वाले चुनाव एक दिखावा भर होंगे और जनरल ही यह तय करेंगे कि अस्थिर पाकिस्तान पर किसकी अस्थिर सरकार का अस्थिर शासन रहेगा। जनरल राजनीति में लगातार दखल देते रहे हैं और इमरान खान द्वारा इस मसले को बार-बार उठाए जाने के कारण वे पाकिस्तान के लोगों के गुस्से के निशाने पर हैं। वे देश के दुश्मन नंबर 1 बन गए हैं। जहां तक खान का सवाल है उन्हें क्रिकेट वर्ल्ड कप पाकिस्तान लाने के अलावा उम्मीद की लहरों पर सवार गृहयुद्ध पाकिस्तान को भेंट करने के लिए भी याद किया जाएगा। (आरएनएस)

## सू- दोकू क्र.013

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें ९वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.12 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# अमेरिका की साख में सेंध

फिच ने कहा है कि अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग घटाना अगले तीन सालों में संभावित मौद्रिक गिरावट, बहुत तेजी से बढ़ते कर्ज और सरकारी तंत्र में उथल-पुथल का संकेत है। पिछले करीब दो दशकों में देश के सरकारी तंत्र में अस्थिरता देखी गई है।

जो बात कभी सोचना भी कठिन लगता था, वह अब सचमुच हो रहा है। रेटिंग एजेंसी फिच ने दुनिया की इस सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था की क्रेडिट रेटिंग ट्रिपल ए से घटाकर डबल ए प्लस कर दी है। इसकी वजह बताते हुए एजेंसी ने कहा है कि पिछले दो दशक में सरकार के प्रशासन में लगातार गिरावट देखी जा रही है। देश की वित्तीय हालत और उस पर बढ़ते कर्ज के बोझ से बनी स्थिति भी चिंताजनक होती जा रही है। गौरतलब है कि निवेशक किसी भी देश की सरकार को कर्ज देने के लिए या उस देश में निवेश से संबंधित जोखिम का मूल्यांकन क्रेडिट एजेंसियों की रेटिंग के आधार पर करते हैं। अब तक अपनी अर्थव्यवस्था के विशाल आकार और स्थिरता के कारण अमेरिका में निवेश को आम तौर पर बेहद सुरक्षित माना जाता था। लेकिन पिछले कुछ साल से अमेरिका में राजनीतिक अस्थिरता का दौर रहा है। २०२० के चुनावों के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने जो बाइडेन की जीत को स्वीकार करने से ही इनकार कर दिया था।

इस बीच पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप को



मुकदमों में फंसाने की जारी कोशिशों से उनके समर्थकों में नाराजगी बढ़ रही है। इसे एक प्रकार की संभावित अस्थिरता का कारण समझा जा रहा है। दोनों प्रमुख पार्टियों के बीच बढ़ते टकराव का नतीजा है कि इस साल जून में अमेरिका डिफॉल्टर होने के कगार तक पहुंच गया था। तब सरकार को कर्ज सीमा बढ़वाने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को खासी मशक्कत करनी पड़ी थी। कर्ज सीमा में बढ़ोतरी के बाद अमेरिका सरकार का कर्ज तेजी से बढ़ा है। ऐसी स्थितियों को अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा नहीं माना जाता। फिच ने कहा है कि रेटिंग घटाना अगले तीन सालों में संभावित मौद्रिक गिरावट, बहुत तेजी से बढ़ते कर्ज और सरकारी तंत्र में उथल-पुथल का संकेत है। पिछले करीब दो दशकों में देश के सरकारी तंत्र में अस्थिरता देखी गई है। फिच के मुताबिक जून में दोनों दलों के बीच कर्ज सीमा को २०२५ तक बढ़ाने की सहमति बावजूद हकीकत यही है कि अमेरिका में मौद्रिक और कर्ज संबंधी स्थितियां बिगड़ती जा रही हैं। (आरएनएस)

# संगीन में नवाजुद्दीन के साथ अभिनय को लेकर उत्साहित हैं एलनाज नोरोजी

बॉलीवुड में अपनी प्रतिभा से जगह बनाने वाली ईरानी मूल की अभिनेत्री एलनाज नोरोजी ने कहा कि वह नवाजुद्दीन सिद्दीकी के साथ दूसरी बार फिल्म संगीन में काम करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं। अपने पहले शो सेक्रेड गेम्स से सभी को प्रभावित करने वाली एलनाज धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। अभिनेत्री, जो अगली बार मेड इन हेवन सीजन 2 में दिखाई देंगी, इस शो के लिए बहुत उत्साहित हैं।

अपने भविष्य के प्रोजेक्ट्स के बारे में बात करते हुए एलनाज ने कहा, मैं जल्द ही नवाजुद्दीन के साथ संगीन नामक फिल्म में नजर आऊंगी। तेलुगु फिल्म डेविल में एक डांस नंबर है। एक बॉलीवुड फिल्म में एक विशेष भूमिका है। श्रृंखला अगले महीने आ रही है। मैं बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं अपने प्रशंसकों का बहुत आभारी हूं जिन्होंने मुझे अपने देश और बॉलीवुड जगत में स्वीकार किया है।

मेड इन हेवन सीजन 2 में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, मुझसे मिलने के बाद जोया ने मेरा किरदार बदल दिया। पहले उसने एक भारतीय किरदार लिखा था लेकिन मुझसे मिलने के बाद उसने कहा कि मैं तुम्हारा किरदार बदलना चाहती हूं। क्योंकि मैं ईरान से हूं , तो यह काम कर गया। इस किरदार को निभाना मजेदार था क्योंकि कुछ जगहों पर मैं इस किरदार से मेल खाता था और कुछ जगहों पर मैं उससे बिल्कुल अलग था। कुछ चीजों पर अभिनय करना आसान था जबकि कुछ मुश्किल थे। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्साहित हूं मेरे किरदार पर लोगों की प्रतिक्रिया।

अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका के बारे में बात करते हुए, अभिनेत्री ने कहा- मेरे लिए सबसे चुनौतीपूर्ण भूमिका सोनी लिव के शो चुट्ज़पा में जंगली तितली सारा खान की रही है। मुझे इस किरदार के लिए कैमरे को लुभाना पड़ा। शुरुआत में यह कठिन था लेकिन आखिरकार यह बेहतर हो गया।

# सेवा की बड़ी सोच

संत विनोबा भावे की माता का नाम रखुनाई और पिता का नाम नरहरि भावे था। नरहरि भावे हमेशा जरूरतमंद लोगों की सहायता करते थे। वे अमूमन एक या दो विद्यार्थी हमेशा अपने साथ रखते थे। उनके खान-पान का वे विशेष ध्यान रखते थे। यदि खाना बच जाता तो स्वयं वे खाना खाते लेकिन उन बच्चों को ताजा खाना बनाकर खिलाते। विनोबा जी यह सब देखते रहते। एक दिन उन्होंने अपनी मां से पूछा- मां आप कहती हैं कि सभी में भगवान का वास रहता है तो आप मुझे ठंडी और उन्हें गर्म रोटियां खाने के लिए क्यों देती हैं। मां ने कहा-बेटा! मैं यह इसलिए करती हूं कि मेरा मोह अभी नहीं गया है। विनोबा में मुझे मेरा बेटा दिखता है और उन विद्यार्थियों में परमात्मा। जिस दिन तुम मुझे परमात्मा की तरह दिखाई देने लगोगे, उस दिन मैं तुम्हें भी गर्म रोटियां खिलाऊंगी।



# मंत्री ने प्रभावित 14 परिवारों को सहायता राशि के चैक किए वितरित

संवाददाता

देहरादून। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने बरसात से प्रभावित 14 परिवारों को सहायता राशि के चैक वितरित किये। आज यहां कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने न्यू कैंट रोड़ स्थित कैंप कार्यालय में बीते दिनों देहरादून में भारी बरसात से हुए मकानों को आंशिक नुकसान को लेकर जिला प्रशासन के सहयोग से 14 परिवारों को सहायता राशि के चैक भेंट किया।

मंत्री ने कहा राज्य सरकार प्रभावितों के साथ हर संभव मदद के लिए खड़ी है और उनकी हर संभव मदद की जाएगी। इन प्रभावितों को चैक वितरित किये गये। मंत्री ने रेखा, चेतराम, किशन,हीरा बहादुर थापा, माया थापा, लक्ष्मी, वीर बहादुर थापा, सुमन देवी, गीता देवी, पूजा देवी, शोभा देवी, दुर्गा, रोहित, मंजू आदि लोगों को चैक प्रदान किए गए।

# लघु व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने सांसद को सौंपा 5 सूत्रीय मांग पत्र

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापारी एसोसिएशन ने सांसद रमेश पोखरियाल निशंक को अपना पांच सूत्रीय मांग पत्र सौंपा।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी रेडी पटरी के (स्ट्रीट वेंडर्स) लघु व्यापारियों के एकमात्र संगठन लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने लोकसभा सांसद, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक धर्मनगरी के भ्रमण के दौरान लघु व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल के रूप में मुलाकात कर अपनी 5 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उन्होंने प्रथम न्यू स्मार्ट वेंडिंग जोन चंडी घाट मार्ग दूसरा पुल जटवाड़ा तीसरा महिला पिंक वेंडिंग जोन रोड़ी बेलवाला के उद्घाटन व लोकार्पण के साथ पूर्व के प्रस्तावित 12 वेंडिंग जोन के आधार शिलान्यास के साथ केंद्र और राज्य सरकार द्वारा लघु व्यापारियों को दी गई 10,000 की अनुदान राशि चेक वितरण और पूरे हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र की सभी शहरी निकायों में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर योजना के तहत बनाए जाने वाले वेंडिंग जोन का लक्ष्य निर्धारित किए जाने की मांग को भी प्रमुखता से दोहराया। ज्ञापन देने वालों में मनोज कुमार मंडल, मनीष शर्मा, पंडित कमल शर्मा, नंदकिशोर गोस्वामी, मोहनलाल, जय सिंह बिष्ट, विजय गुप्ता, आजम खान, नईम सलमानी, श्रीमती नम्रता सरकार, कामिनी मिश्रा, पुष्पा दास, सीमा देवी, सुनीता चौहान, सुमन गुप्ता, आशा कश्यप आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# पर्वतीय गांधी को उनकी पुण्यतिथि पर आंदोलनकारी परिषद ने किया याद

संवाददाता




देहरादून। पर्वतीय गांधी स्वर्गीय इन्द्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि पर उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने शहीद स्थल पर उनको श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया।

आज यहां उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के तत्वाधान में आज पर्वतीय गांधी स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी की पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद स्मारक कचहरी परिसर में श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इस मौके पर परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार और आंदोलनकारी प्रभात डेंड्रियाल ने कहा कि स्वर्गीय इंद्रमणि बडोनी को सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि राज्य की चौमुखी विकास हो तथा सभी खुशहाल रहे। स्वर्गीय बड़ोनी को याद करने वालों में नवनीत गोसाई, महेंद्र कुमार, सुरेश कुमार, प्रभात डंडरियाल, भुवनेश्वरी नेगी, दिगंबर चौहान, सत्येंद्र नौगाई, जगमोहन रावत, धर्मानंद भट्ट आदि शामिल रहे

# सहकारिता में स्पर्धा की बजाए सहयोग की भावना रहनी चाहिएः धामी

संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सहकारिता में स्पर्धा की बजाए सहयोग की भावना रहनी चाहिए क्योंकि सहकारिता किसी पर उपकार नहीं बल्कि एक दूसरे को स्वावलंबी बनाने का कार्य है।

आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दून विश्वविद्यालय में सहकार भारती द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक और साहित्यिक महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने सहकार भारती के संस्थापक स्व. लक्ष्मणराव इनामदार का स्मरण करते हुए कहा कि उन्होंने मूकसाधक की भांति राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जिया और देश में सहकारिता आंदोलन को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अपनी स्थापना से ही सहकार भारती ने सहकारिता आंदोलन को राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ आगे बढ़ाने की दिशा में प्रशंसनीय कार्य किया है और हमेशा अपने कार्यों से यह प्रयास किया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा जाए। उन्होंने कहा कि सहकारिता में स्पर्धा की बजाए सहयोग की भावना रहनी चाहिए क्योंकि सहकारिता किसी पर उपकार नहीं बल्कि एक दूसरे को स्वावलंबी बनाने का कार्य है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई पीढ़ी के लिए सहकारिता का बहुत महत्व है, क्योंकि आज की पीढ़ी जल्द स्वावलंबी बनना चाहती है। इसीलिए सहकार से समृद्धि के स्वप्न को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय का गठन किया। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में यह मंत्रालय देश में सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत करने के लिए एक अलग प्रशासनिक, कानूनी और नीतिगत ढांचा प्रदान कर रहा है। मंत्रालय सहकारी समितियों के लिए कारोबार में सुगमता के लिए प्रक्रियाओं को कारगर बनाने और बहु-राज्य सहकारी समितियों के विकास को सक्षम बनाने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, डॉ. धन सिंह रावत, सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर, मिलेनियम इंडिया एजुकेशन फाउंडेशन के निदेशक डॉ. उदय काकरू, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल उपस्थित थे।

# गुलदार का शिकार बनी बच्ची का शव बरामद

हमारे संवाददाता

पिथौरागढ। बेड़ीनाग विकासखण्ड के चचरेत ग्राम पंचायत में आंगन में खेल रही जिस चार साल की बच्ची को गुलदार उठा ले गया था उसका शव पुलिस व वन विभाग द्वारा घर से 200 मीटर दूर जंगल से बरामद कर लिया गया है। अब वन विभाग द्वारा क्षेत्र में पिंजरा लगाये जाने की बात कही जा रही है। जबकि एक वर्ष पहले भी इसी गांव से गुलदार एक बच्ची को अपना निवाला बना चुका है।

बता दें कि बीती शाम लगभग सात बजे ग्राम पंचायत चचरेत के कलेत तोक में शंकर दत्त और हेमा देवी की चार साल की बच्ची अपने आंगन में खेल रही थी। इस दौरान गुलदार ने उस पर हमला बोल दिया। माता पिता जब तक कुछ समझ पाते गुलदार बच्ची को जबड़ो में उठाकर जंगल की ओर भाग निकला।

अचानक हुए हमले से घबराये माता पिता शोर मचाते हुए जंगल की ओर भागे लेकिन अंधेरा व बारिश होने की वजह से गुलदार व बच्ची का कहीं पता नहीं चला। हो हल्ला सुनकर ग्रामीण भी मौके पर पहुंचे व मामले की जानकारी वन विभाग तथा पुलिस को दी गयी। जिस पर वन विभाग व पुलिस की टीमों द्वारा मौके पर पहुंच कर बच्ची की तलाश शुरू की गयी लेकिन देर रात तक बच्ची का कहीं पता नहीं चल सका। आज सुबह एक बार फिर वन विभाग व पुलिस की टीमों द्वारा जब बच्ची की खोजबीन शुरू की गयी तो बच्ची का अधखाया शव घर से दो सौ मीटर की दूरी में जगंल में बरामद हुआ। वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि क्षेत्र में पिंजरा लगाया जायेगा। जबकि स्थानीय लोगों का कहना है कि एक वर्ष पूर्व भी गुलदार क्षेत्र में एक बच्ची को अपना निवाला बना चुका है।

# पहाड़ के गांधी को पुण्यतिथि पर उक्रांद ने दी श्रद्धांजलि

हमारे संवाददाता




देहरादून। उत्तराखंड राज्य आंदोलन के प्रणेता व पहाड़ के गाँधी स्व. इंद्रमणि बड़ोनी की 24 वीं पुण्यतिथि पर उक्रांद की ओर से उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। प्रातः 11 बजे घंटाघर स्थित बड़ोनी जी की मूर्ति पर दल के संरक्षक त्रिवेंद्र सिंह पंवार के नेतृत्व में दल के सभी कार्यकर्ताओं ने माला पहना कर व पुष्प भेंट कर उन्हे याद किया। तत्पश्चात पार्टी कार्यालय में उन्हे श्रद्धांजलि देते हुए याद किया गया।

इस अवसर पर स्व. बड़ोनी को याद करते हुए त्रिवेंद्र सिंह पंवार ने कहा हैं कि स्व. बड़ोनी एक सरल, सहज स्वभाव के व्यक्ति थे। उनके व्यक्तित्व का आकर्षण इतना प्रभावशाली था कि विरोधी भी उनके अपने हो जाते थे, सन 1967 में टिहरी जनपद के देवप्रयाग विधानसभा से वह विधायक चुने गये। सन 1969 में दोबारा कांग्रेस से विधायक चुने गये तथा 1977 में पुनः निर्दलीय विधायक देवप्रयाग से चुने गये। उत्तर प्रदेश की विधानसभा में जन मुद्दों को लेकर भी वह हमेशा सजग रहे। उनके उठाये गये मुद्दे केवल देवप्रयाग विधानसभा ही नहीं बल्कि उत्तराखंड के अन्य विधानसभा क्षेत्रों के भी जन मुद्दों पर वह सरकार से सवाल करते आये। ए पी जुयाल ने कहा कि सन 1980 में स्व. इंद्रमणि बड़ोनी व स्व. विपिन चंद्र त्रिपाठी ने त्रिवेंद्र सिंह पंवार के प्रयासों से उत्तराखंड क्रांति दल में शामिल हुए।

सुनील ध्यानी ने कहा कि स्व. बड़ोनी ने उत्तराखंड राज्य प्राप्ति आंदोलन के संघर्ष को चरम पर पहुंचाया। राज्य संघर्ष आंदोलन को गाँधीवादी नीतियों के तहत अहिंसक आंदोलन जो 1994 में जन आंदोलन का वृहत रूप धारण किया। इसीलिए उनको पहाड़ का गाँधी कहा गया। सन 1999 में 18 अगस्त को कालजयी पुरुष संसार से विदा हुए, उनके मुँह से आखिरी शब्द उत्तराखंड निकला। श्रद्धांजलि सभा में मीनाक्षी घिल्डियाल, प्रताप कुंवर, शांति भट्ट ,विजेंद्र रावत,केंद्रपाल तोपवाल,मोहन सिंह भंडारी,योगी पंवार सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर इंडस्ट्री पर गहराया संकट

नई दिल्ली। देश की सभी प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर कंपनियों को ग्राहक जुटाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। अप्रैल के बाद से कंपनियों की सेल लगातार गिर रही है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि वाहन कंपनियों को अब शोध एवं विकास (आरएंडडी) के माध्यम से कीमत कम करने पर ध्यान देना होगा। केयर रेटिंग द्वारा जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि विभिन्न कारणों से दोपहिया वाहनों (ईवी समेत) के लिए मध्यम अवधि में बिक्री कम रहने की आशंका हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दोपहिया वाहनों के मुख्य खंड विशेष रूप से 75 सीसी से 110 सीसी की बाइक और 75 सीसी से 125 सीसी के स्कूटर की बिक्री में वित्त वर्ष 2018-19 से 2021-22 में बड़ी गिरावट देखी गई, जबकि पिछले वित्त वर्ष में इसमें कुछ सुधार देखा गया। रिपोर्ट में कहा गया कि इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में भी बड़ी गिरावट आई जब सरकार द्वारा मूल उपकरण निर्माता (ओईएम) के लिए सब्सिडी फेम को दिया गया।




### अंदर गदर, बाहर बम

पटना । सनी देओल और अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर 'गदर' मचाए हुए है। फिल्म ने अपनी रिलीज के 7 दिनों के अंदर ही 228 करोड़ की कमाई कर ली है, जिसके बाद उम्मीद लगाई जा रही है कि फिल्म इस हफ्ते 300 करोड़ का आंकड़ा भी आसानी से पार कर लगी। इसी बीच पटना से एक खबर सामने आ रही है, जहां फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान कुछ बदमाशों ने सिनेमाघरों के बाहर बम फेंके और वहां काम करने वाले कर्मचारियों को भी धमकाया। सिनेमा हॉल के मालिक सुमन सिन्हा ने इस खबर की पुष्टि करते हुए ये दावा किया है कि 'बदमाशों ने वहां मौजूद कर्मचारियों को भी धमकाया'। थिएटर के मालिक ने आरोप लगाया कि 'परेशानी तब शुरू हुई जब कुछ लोग कथित तौर पर गदर 2 के टिकट ब्लैक करते हुए पकड़े गए'। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्हें बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### भारत की महिला स्प्रिंटर दुती चंद पर लगा चार साल का बैन

नई दिल्ली। भारत की बेहतरीन महिला स्प्रिंटर दुती चंद पर चार साल का बैन लगा है। दुती डोप टेस्ट में फेल हो गईं और इसी कारण उन पर बैन लगया है। रिपोर्ट के मुताबिक उनका बैन तीन जनवरी 2023 से शुरू होगा। उनका सैंपलस पांच दिसंबर 2022 को लिया गया था और तब से उन्होंने जितने भी टूर्नामेंट्स में हिस्सा लिया उनके रिजल्ट मान्य नहीं होंगे। दुती चंद दो डोप टेस्ट में फेल हुई हैं। दुती ने भारत को अपने खेल से कई पदक दिलाए हैं। उन्होंने जकार्ता में 2018 में खेले गए एशियन गेम्स में दो सिल्वर मेडर जीते थे। उन्होंने ये मेडल 100 और 200 मीटर में जीते थे। उनके नाम 100 मीटर में नेशनल रिकॉर्ड है जो उन्होंने जून 2021 में इंडियन ग्रां प्री में बनाया थाइसी साल सितंबर में एशियाई खेलों का आयोजन किया जाना है और इससे पहले भारत के लिए ये खबर अच्छी नहीं है। दुती के पास हालांकि इस बैन के खिलाफ अपील करने के लिए 21 दिन का समय है।



### 'गदर 2' को पछाड़ते हुए 'जेलर' ने वर्ल्डवाइड कमाई कर बनाया नया रिकॉर्ड

मुंबई। आजकल सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' ने 'गदर 2' को पछाड़ते हुए वर्ल्डवाइड कमाई कर धूम मचा रखी है। साथ ही जेलर ने अपने नाम एक नया रिकॉर्ड भी बना लिया है। रिपोर्ट्स की मानें तो रजनीकांत की फिल्म 'जेलर' ने 8वें दिन सिर्फ भारत में 10 करोड़ का कलेक्शन किया है। वहीं, अब फिल्म का कुल केलक्शन 225.65 करोड़ हो गया है। हालांकि अगर जेलर के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करें तो 'गदर 2' को धूल चटाते हुए फिल्म बहुत दूर जा चुकी है। साथ ही ये किसी रिकॉर्ड से कम नहीं है। इतना ही नहीं बल्कि जेलर कॉलीवुड की दुनियाभर में तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म भी बन चुकी है। फैंस से लेकर हर किसी के लिए ये किसी ट्रीट से कम नहीं है। रजनीकांत की फिल्म ने दुनियाभर में 411 करोड़ का कलेक्शन कर लिया है। वहीं, इस फिल्म का इंडियन ग्रॉस कलेक्शन 264 करोड़ का है।



# जो बाहर से सुन्दर बोले, अंदर दोष रखे उसका नाम पूतना: आचार्य ममगाई

कार्यालय संवाददाता

देहरादून। मथुरा में अवतार गोकुल में वास मथुरा शरीर है गोकुल इन्द्रियां है। भगवान् इन्द्रियों की पवित्र भाव रखने वाले के पास अनुकूल परिस्थिति धन सम्पति के रूप में रहना पसंद करते हैं अष्टमी को भगवान का प्राकट्य, नवमी नन्दोत्सव, चतुर्दशी को पूतना का वध किया। हमारे शरीर के चौदह स्थानों में पूतना का वास होता है। जो बाहर से सुन्दर बोले, अंदर से खोट रखे, कथनी करनी में अंतर करें उसका नाम ही पूतना है।

यह बात आज बद्रीपुर जोगीवाला श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन प्रसिद्ध कथा वाचक आचार्य ममगाई ने कही। आचार्य ने कहा कि जो प्रेमी अपने प्रियतम भगवान के चरणकमलों का अनन्य भाव से दूसरी भावनाओं आस्थाओं वृतियों व प्रवर्तियों को छोड़कर भजन करता है उससे पहली बात तो यह है कि पापकर्म होते नहीं, परन्तु यदि कभी किसी प्रकार हो भी जाये तो परम् पुरुष भगवान श्री हरि उनके हृदय में बैठकर वह सब धो बहा देते हैं और उसके हृदय को शुद्ध कर देते हैं। जहाँ दुख तो व्यर्थ हो ही गए सुख भी व्यर्थ हो गए जहाँ सारी प्रकृति व्यर्थ प्रतीत होने लगी, सब सांसारिक सुख देखे और व्यर्थ पाए तो धर्म की खोज प्रारम्भ होने लगी। क्योंकि प्रकृति के बाहर और जब बाहर से कोई व्यर्थता का अनुभव करता है तो भीतर की ओर आना शुरू होता है। अतएव प्रकृति की ही मांग के लिए यदि आप परमात्मा की ओर जाते हैं तो जानना कि अभी गये नही हैं। जिस दिन आप परमात्मा के लिए ही परमात्मा की ओर जाते हैं उसी दिन जानना कि धर्म का प्रारंभ हुआ है।



इस अवसर पर मुख्य रूप से जखोली क्षेत्र पंचायत प्रमुख प्रदीप थपलियाल पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख अर्जुन सिंह गहरवार वीरेंद्र मियां वीना जोशी डॉ शैलेन्द्र ममगाई संजय ममगाई विमल ममगाई देवेन्द्र ममगाई वीरेंद्र ममगाई रविंद्र ममगाई दिवाकर ममगाई राकेश ममगाई रत्नमणी ममगाईपरमेश्वरी देवी विजयलक्ष्मी ममगाई रजनी नीलम ममगाई आदि भक्त गण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## वाहन खाई में गिरा, एक की मौत, दो घायल



हमारे संवाददाता

पौड़ी। उत्तराखंड में सड़क हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं, ताजा मामला जनपद पौड़ी गढ़वाल का है यहां एक वाहन के गहरी खाई में गिरने से जहां एक व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं दो लोग घायल हुए है। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाते हुए दोनों घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद खाई से बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया, जबकि मृत व्यक्ति के शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है।

जानकारी के अनुसार यह घटना थाना थलीसैण जोगिमणी मोटर मार्ग बीरोंखाल के पास हुई है जहां एक वाहन सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त होकर करीब 50 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। घटना के बाद सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने प्रताप सिंह पुत्र गोविंद सिंह (उम्र 55 वर्ष), निवासी-मटकुंड, पट्टी-सावली, थाना थैलीसैंण, जनपद पौड़ी गढ़वाल तथा अनिरुद्ध पुत्र मुकेश गौड़ (उम्र-21 वर्ष), निवासी ग्राम-सिरौली, थाना धुमाकोट जनपद पौड़ी गढ़वाल को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकालकर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बैजरों पहुंचाया। जहां उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं मृतक की पहचान तेजपाल सिंह पुत्र राजेश सिंह (उम्र-51वर्ष), ग्राम मटकुंड, पट्टी-सावली थाना थैलीसैंण जनपद पौड़ी गढ़वाल के रूप में हुई है। पुलिस ने मृतक का शव कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। घटना के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## सीएम के सामने मोबाइल पर बात करना एएसपी को पड़ा भारी, हटाये गये

हमारे संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान मोबाइल फोन पर बात करना आखिर एएसपी शेखर सुयाल को भारी पड़ गया। शासन द्वारा मामले में कार्यवाही करते हुए उन्हे देर शाम हटा दिया गया है। हालांकि उनके साथ ही तीन अन्य एएसपी रैंक के अधिकारियों के तबादले भी किये गये है। अब जया बलुनी एएसपी कोटद्वार होगी।



बता दें कि अभी हाल में ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कोटद्वार में आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया था। मुख्यमंत्री के हेलीकाप्टर से उतरने के बाद वहां उपस्थित एएसपी शेखर सुयाल ने उन्हें सैल्यूट तो किया, लेकिन इस दौरान वह फोन पर बात करते रहे। घटना का वीडियो सोशल मीडिया में प्रचारित होने के बाद शासन ने इस पर सख्त कदम उठाते हुए शेखर सुयाल को पद से हटा दिया है । सुयाल को पीटीसी, नरेंद्र नगर भेजा गया है। शेखर सुयाल हरिद्वार में सीओ पद से प्रोन्नत होकर कोटद्वार आये थे। हालांकि उनके साथ ही तीन अन्य एएसपी रैंक के अधिकारियों के भी तबादले शासन द्वारा किये गये है। जिनमें एएसपी जया बलुनी को पुलिस मुख्यालय से कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल, एएसपी विजेन्द्र दत्त डोभाल को टिहरी गढ़वाल से उप सेना नायक एसडीआरएफ देहरादून व एएसपी जोधराम जोशी अभिसूचना मुख्यालय से एएसपी टिहरी गढ़वाल स्थानान्तिरत किया गया है।

## दुपहिया वाहन चोरी

संवाददाता

देहरादून।राजावाला रोड निवासी अभिषेक गुप्ता ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद बाहर आया तो उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। वहीं प्रेमनगर निवासी लक्ष्मी नेगी प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि चोरों ने उसके घर के बाहर से उसकी एक्टिवा चोरी कर ली है। इसके साथ ही निरंजनपुर निवासी पार्थ आनंद ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से महंत इन्द्रेश अस्पताल गया था। उसने अपनी एक्टिवा अस्पताल की पार्किंग में खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी एक्टिवा अपने स्थान से गायब थी।


**आर.एन.आई.- 59626/94**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, *एडवोकेट***
**बैजनाथ, *एडवोकेट***

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*